**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 26.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **महाशिवरात्रि पर राज्यभर के शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब, कोडरमा के ध्वजाधारी आश्रम में केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया शिवरात्रि महोत्सव का उदघाटन, देवघर में मुख्यमंत्री शिव बारात में होंगे शामिल।**
2. **रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर रांची में नमो ई लाइब्रेरी और साइबर पीस कम्युनिटी सेंटर का हुआ शुभारंभ, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने जनता को किया समर्पित।**
3. **भाजपा ने रांची में सीएम आवास तोड़े जाने पर उठाये सवाल, पार्टी प्रवक्ता प्रतुलनाथ शाहदेव ने कहा– ऐतिहासिक धरोहर के साथ छेड़छाड़ अनुचित।**
4. **महाकुंभ से लौट रही राज्यसभा सदस्य महुआ माजी लातेहार के पास सड़क हादसे में घायल, उनके पुत्र, बहू और चालक भी जख्मी, रांची रेफर।**
5. **रांची में आज 53वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबॉल चौंपियनशिप का फाइनल मुकाबला जारी, मेजबान झारखंड और एसएससीबी आमने–सामने।**

**समाचार विस्तार से**

*******************

महाशिवरात्रि को लेकर राज्यभर में उत्साह का माहौल है और भोले बाबा के जलाभिषेक के लिए भक्तों की भारी भीड़ शिवालयों में उमड़ पड़ी है। बाबा नगरी देवघर में शिवरात्रि महोत्सव की खास तैयारी की गयी है। आज शाम चार बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन महोत्सव का उदघाटन करेंगे और पर्यटन विभाग की ओर से निकाली जाने वाली भव्य शिव बारात में शामिल होंगे। इधर, महाशिवरात्रि के मौके पर बाबा बैद्यानाथ धाम में सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। उपायुक्त विशाल सागर ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई एहतियाती कदम उठाये गये हैं।

*******************

इधर, दुमका के विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकिनाथ धाम में आज महाशिवरात्रि पर भक्तों की भारी उमड़ी है। भोर से भक्त बाबा का पूजन–जलाभिषेक कर रहे हैं। आज रात शिव बारात निकलेगी और रात्रि में शुभ–विवाह उत्सव संपन्न होगा। शिव बारात को लेकर व्यापक प्रशासनिक व्यवस्था की गयी है। उपायुक्त ए दोड्डे ने व्यवस्था का जायजा लेने के बाद इस पर संतोष जताया।

*******************

उधर, कोडरमा में भी महाशिवरात्रि महोत्सव आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। ध्वजाधारी आश्रम में आयोजित शिवरात्रि महोत्सव में केन्द्रीय बाल एवं महिला विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी शामिल हुईं। हमारे संवाददाता ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री ने भोले नाथ की पूजा–अर्चना कर राज्य और देश की खुशहाली की कामना की।

*******************

खूंटी जिले के आमरेश्वर धाम में भी सुबह से ही जलाभिषेक के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी हुई है।

*******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर रांची में नमो ई लाइब्रेरी और साइबर पीस कम्युनिटी सेंटर स्थापित किया गया है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज इसे जनता को समर्पित किया। इस मौके पर उन्होंने

कहा कि तकनीकी शिक्षा, साइबर स्किल और सुरक्षा के माध्यम से समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाया जा सकता है।

*******************

भाजपा ने रांची में सीएम आवास को तोड़े जाने पर सवाल उठाये हैं। पार्टी प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा है कि सीएम आवास राज्य की ऐतिहासिक धरोहर है और इसके साथ छेड़छाड़ अनुचित है।

*******************

लातेहार जिले के सदर थाना क्षेत्र के होटवाग के पास एनएच 75 पर एक कार एक खड़े ट्रक से जा टकरायी। इस हादसे में कार में सवार राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, उनके पुत्र, बहु और चालक घायल हो गए। घायलों को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रांची रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि सभी लोग महाकुंभ से लौट रही थे।

*******************

पूर्वी सिंहभूम जिले में औद्योगिक पार्क बनाने की तैयारी चल रही है। इस सिलसिले में जियाडा ने उपायुक्त को पत्र लिख कर 500 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*******************

प्रयागराज में विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर संपन्न हो रहा है। अब तक 65 करोड़ 50 लाख से अधिक श्रद्धालु महाकुंभ में डुबकी लगा चुके हैं। लाखों लोग आज भी गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम के विभिन्न घाटों पर डुबकी लगा रहे हैं।

*******************

**संक्षिप्त खबरें**

- राजधानी रांची में आ महाशिवरात्रि को शहरी क्षेत्र में रात 10 बजे तक बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित रखा गया है। छोटे वाहनों का भी रूट मैप निर्धारित किया गया है।
- रांची में रात के दस बजे से सुबह के छह बजे तक लाउड स्पीकर, डीजे और अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर रोक लगायी गयी है।
- खूंटी जिले के रनिया में पांच नाबालिग आदिवासी लड़कियों के साथ हुई गैंगरेप की घटना पर सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष तनुश्री सरकार ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करने में अक्षम साबित हो रहे हैं।

*******************

रांची में आज 53वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप का फाइनल मैच खेला जा रहा है। मेजबान झारखंड और एसएससीबी के बीच खिताबी भिड़ंत चल रही है।

*******************

रांची समेत राज्यभर में आज मौसम शुष्क बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार कल उत्तर पश्चिमी भाग में आंशिक बादल छा सकते हैं, जबकि शेष भागों में आसमान साफ रहेगा।

*******************